विवेक भारद्वाज, भा.प्र.से.
सचिव
Vivek Bharadwaj, IAS
Secretary

सत्यमेव जयते

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय
डॉ. राजेन्द्र प्रसाद रोड,
कृषि भवन, नई दिल्ली-110001
Government of India
Ministry of Panchayati Raj
Dr. Rajendra Prasad Road,
Krishi Bhawan, New Delhi-110001



**अपील**

प्रिय साथियों,

'हिंदी दिवस' के शुभ अवसर पर आप सभी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

मुझे प्रसन्नता है कि मंत्रालय में इस वर्ष भी 14 सितंबर से 'हिंदी पखवाड़ा' मनाया जा रहा है। संवैधानिक प्रावधान के अनुसार "संघ की राजभाषा हिंदी है एवं संघ की राजभाषा का प्रसार करना और उसका विकास करना, संघ का कर्तव्य है"। अत: पंचायती राज मंत्रालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का संवैधानिक दायित्व है कि वे अपना सरकारी कार्य अधिक से अधिक हिंदी में ही करें।

हिंदी भाषा, राष्ट्रीय पहचान और एकता की मजबूत कड़ी के रूप में निरंतर विशेष भूमिका निभाती आ रही है | हमारे विशाल, बहुआयामी और बहुभाषी राष्ट्र के नागरिकों को एक मंच पर लाने में संपर्क भाषा के रूप में हिंदी का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान रहा है | आज हिंदी, मीडिया, विज्ञापनों, चल-चित्रों आदि के विभिन्न संपर्क-माध्यमों के द्वारा महत्वपूर्ण मंच पर प्रतिष्ठा अर्जित करके, अत्यंत लोकप्रिय हो रही है |

मैं मंत्रालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील करता हूं कि मंत्रालय में हिंदी के प्रयोग के लिए उत्साहवर्धक एवं अनुकूल वातावरण बनाएं तथा सरकारी कार्यों में हिंदी के लेखन को बढ़ावा दें। यथासंभव टिप्पणियां और मसौदे मूल रूप से हिंदी में ही तैयार करें और हिंदी में पत्राचार को बढ़ाने का प्रयास करें। आप सभी अपने संवैधानिक दायित्व का निर्वहन करें ताकि राजभाषा के विकास में उत्तरोत्तर वृद्धि हो सके।

शुभकामनाओं सहित,

विवेक भारद्वाज

(विवेक भारद्वाज)

Tel : 011-23389008, 23074309 Fax : 011-23389028 E-mail : secy-mopr@nic.in